हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 1 अक्टूबर, 2025

12 भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर नशे रूपी बुराई को खत्म करने का संकल्प



11 किसानों के मुद्दों और समस्याओं को लेकर 4 को भट्टू अनाज मंडी में होगी जनसभा



## खबर संक्षेप

### कोर्ट कॉम्पलैक्स गेट पर हादसा दो गाड़ियों में हुई टक्कर

**फतेहाबाद।** शहर के कोर्ट कॉम्प्लेक्स के गेट के बाहर मंगलवार सुबह हादसा हो गया। यहां थार और एसयूवी गाड़ी की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गाडियों के अगले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। एसयूवी सवार व्यक्ति के अनुसार, थार गाड़ी तेज रफ्तार में आ रही थी। थार ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन गाड़ी काबू में नहीं आई और उनकी गाड़ी में ठोक दी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। बाद में दोनों पक्षों ने आपस में बातचीत कर मामला सुलझाने की कोशिश की।

### सेवा भारती विद्यालय में स्टेशनरी व फल वितरण

**फतेहाबाद।** भाविप की फतेहाबाद शाखा ने नवरात्र के शुभ अवसर पर एक नेक पहल करते हुए सेवा भारती विद्यालय के छात्रों को स्टेशनरी और फल वितरित किए। यह कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उनकी जरूरी लेखन सामग्री की आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। सेवा भारती विद्यालय में पढ़ रहे सभी छात्रों को कॉपी, पेंसिल, शार्पनर, रबर, रजिस्टर सहित अन्य आवश्यक लेखन सामग्री प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, बच्चों को मौसमी फल भी वितरित किए गए। इस अवसर पर भारत विकास परिषद् की ओर से परिषद् संरक्षक सीपी आहूजा, परिषद् अध्यक्ष केबी गोदारा, महिला सहभागिता संयोजक लवलीन सरदाना, सुनैना गुप्ता और सुशीला आहूजा उपस्थित रहीं।

### 10.45 करोड़ में 5 साल के लिए दिया गया कॉन्ट्रैक्ट

# डोर टू डोर कचरा उठाने का काम कल से संभालेगी प्राइवेट एजेंसी

### ऑटो मार्किट व बस स्टैण्ड के सामने डम्पिंग प्वाइंट खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

■ मॉडल टाऊन जीरो वेस्ट वार्ड घोषित

फतेहाबाद में महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर से प्राइवेट एजेंसी डोर टू डोर कचरा उठाने का काम शुरू कर देगी। नई एजेंसी फतेहाबाद के 25 हजार दुकानों व घरों में डोर टू डोर जाकर कूड़ा उठाएगी, इसके लिए कुरूक्षेत्र की मैसर्ज राधाकृष्ण कॉ-आप्रेटिव एलएंडटी सोसायटी लिमिटेड को 5 साल के लिए कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है। नगरपरिषद इस एजेंसी को 5 सालों के लिए 10.45 करोड़ रुपये अदा करेगी।

इस बार खास बात यह है कि पुराने बस स्टैण्ड के सामने व ऑटो मार्किट के बाहर सबसे बड़े डम्पिंग प्वाइंट को खत्म कर दिया जाएगा। यानि अब यहां कूड़ा डालने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त मॉडल टाऊन को जीरो वेस्ट वार्ड घोषित किया गया है। फतेहाबाद में पिछले कई सालों से डोर टू डोर कचरा उठाने का काम प्राइवेट एजेंसी को दिया जा रहा था लेकिन प्राइवेट एजेंसी द्वारा नियमों के अनुसार काम न करने व शहर में कूड़ा-कचरा उठाने व कूड़े के वजन को लेकर अनेक शिकायतें नगरपरिषद व सरकार को मिली थी। इसके बाद सरकार ने उस एजेंसी को दोबारा कान्ट्रेक्ट न देकर नगरपरिषद कर्मचारियों को काम पर लगा दिया। कुछ समय से नगरपरिषद के कर्मचारी ही 13 टाटा ऐस गाडियों के माध्यम से घरों से कूड़ा उठाने का काम कर रहे हैं लेकिन अब भी काम पूरी तरह नहीं हो पा रहा था। इस बीच सरकार के निर्देश पर पुनः कुरूक्षेत्र की मैसर्ज राधाकृष्ण कॉ-आप्रेटिव एलएंडटी सोसायटी लिमिटेड को 5 साल के लिए कॉन्ट्रैक्ट दे दिया गया है।




**फतेहाबाद।** जीरो वेस्ट वार्ड को लेकर मॉडल टाऊन में लगाया गया बोर्ड।

### दो अक्टूबर से नई एजेंसी करेगी काम शुरू

डोर टू डोर कचरा उठाने के लिए नई एजेंसी 2 अक्टूबर से काम शुरू कर देगी। मॉडल टाऊन को जीरो वेस्ट वार्ड घोषित किया गया है। इसके अलावा ऑटो मार्किट के बाहर व पुराने बस स्टैण्ड के सामने डम्पिंग प्वाइंट भी खत्म किए जा रहे हैं।

**-संजय बिश्नोई,** डीएमसी फतेहाबाद

### बस स्टैण्ड के पास के डम्पिंग प्वाइंट होंगे खत्म

इस मामले में बड़ी बात यह है कि मॉडल टाऊन को इस बार जीरो वेस्ट वार्ड घोषित किया गया है। मॉडल टाऊन में जो गाड़ी कचरा उठाने जाएगी। गाड़ी के दो हिस्से होंगे। एक में मॉडल टाऊनवासी गीला तो दूसरे में सूखा कचरा डालेंगे। गीले कचरे को एमएम कॉलेज के पास पीएनबी बैंक के साथ लगती ग्रीन बैल्ट में रखा जाएगा, जिससे कम्पोस्ट पिट बनाकर खाद बनाई जाएगी जबकि सूखे कचरे पर रतिया रोड पर रिसाइकिल किया जाएगा। आटो मार्किट व पुराने बस स्टैण्ड के पास बरसों से चल रहे डम्पिंग प्वाइंट खत्म कर दिए जाएंगे। यहां पर लोग गंदगी नहीं डाल सकेंगे।

### 27 वार्डों से उठाया जाएगा कचरा

अब यह एजेंसी शहर के 27 वार्डों में 25 हजार घरों में डोर टू डोर कचरा उठाएगी। सभी घरों के बाहर क्यूआर कोड लगाया जाएगा। कचरा उठाने वाली गाड़ी के सम्बंधित क्षेत्र में पहुंचने व न पहुंचने की सूचना नगरपरिषद को पहुंच जाएगी। शहरवासी भी इस पोर्टल को देख सकेंगे। एजेंसी कूड़ा-कचरा उठाने के लिए 20 नई टाटा ऐस गाडियां काम में लगाएगी। जब तक नई गाडियां नहीं आती, तब तक नगरपरिषद की 13 गाड़ियां एजेंसी किराये पर लेगी, जिसका किराया एजेंसी को परिषद को देना होगा।

# क्रिकेट में ललौदा की टीम विजयी

■ सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत गांव डांगरा में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत गांव डांगरा में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत जिला परिषद की चेयरपर्सन सुमन खिचड़ और जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन किया। टोहाना खंड के सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित लड़कियों की क्रिकेट प्रतियोगिता में पारता और ललौदा की टीमों के बीच फाइनल मुकाबला हुआ जिसमे ललौदा विजयी हुआ। खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खिचड़ ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेलों से जहां शारीरिक व मानसिक विकास होता है, वहीं यह युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता से भी परिचित कराते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित सांसद खेल महोत्सव युवाओं को नई दिशा देने और खेलों के प्रति आकर्षित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है।



**टोहाना।** सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता खिलाडियों को सम्मानित करते जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खिचड़। *फोटो : हरिभूमि*

### ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को नई पहचान मिली

डांगरा गांव की सरपंच उर्मिला मूंड ने राज्यसभा सांसद सुभाष बराला द्वारा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सांसद के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को नई पहचान मिली है और गांव-गांव में खेलों का माहौल बना है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में यहां से निकलने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का गौरव बढ़ाएंगे।

### सर्वधर्म प्रार्थना सभा कल

■ अनाज मंडी स्थित गांधी पार्क में प्रात: 8 बजे सर्वधर्म प्रार्थना सभा की जाएगी

**सिरसा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्तूबर को सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक प्रेम कंदोई ने बताया कि अनाज मंडी स्थित गांधी पार्क में प्रातः 8 बजे सर्वधर्म प्रार्थना सभा की जाएगी, जिसमें जीअरजी स्कूल के विद्यार्थी एवं शिक्षक वृंद प्रार्थना के साथ बापू के प्रिय भजन प्रस्तुत करेंगे। समापन पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। आयोजन में नगर के सभी वर्गों के लोग शामिल होंगे।

## फतेहाबाद कल बंद, किसान मजदूर संगठनों ने भी दिया अपना समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

बजरंग दास गर्ग भी पहुंचेंगे फतेहाबाद

सरकार व अधिकारियों की गुंडागर्दी के खिलाफ 2 अक्टूबर दशहरे वाले दिन फतेहाबाद के दुकानदार अपना दुकानें बंद कर रोष प्रदर्शन करेंगे। इस दिन हंस मार्केट में व्यापारी सुबह 9 बजे इक_ा होकर 11 बजे तक व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद रखते हुए व्यापारियों को उजाडऩे वाली सरकार एवं अधिकारियों का पुतला दहन जवाहर चौक में किया जाएगा। ऐसा पहली बारी देखने को मिला है कि त्यौहार व दशहरे वाले दिन लोग रावण की जगह सरकार का पुतला दहन करेंगे, क्योंकि एक तरफ सरकार जीएसटी के लाभों के लिए दुकानदारों व्यापारियों का समर्थन हासिल कर रही है दूसरी तरफ व्यापारी सरकार के पुतले जला रहे है। रोष मार्च में हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बजरंगदास गर्ग विशेष तौर पर पहुंच रहे हैं। इसके साथ-साथ इस बंद को पगड़ी संभाल जट्टा ने भी अपना समर्थन व्यापार मंडल को समर्थन दिया है। किसान नेताओं ने कहा कि छोटे व्यापारी ही मजदूर वर्ग को रोजगार देते हैं जबकि सरकार लोगों के रोजगार छीनने का काम कर रही है।

# 12 अपराधियों की करोड़ों की संपत्तियां होंगी कुर्क, 360 भगोड़े सलाखों के पीछे

■ अपराधी वर्षों से फरार थे, और उन पर पहले से ही मामले दर्ज हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में अपराधियों और भगोड़ों की अब खैर नहीं। फतेहाबाद पुलिस ने कानून से आंख-मिचौली खेलने वालों के खिलाफ जबरदस्त शिकंजा कस दिया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में जारी इस विशेष अभियान के तहत न केवल 360 घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, बल्कि 12 आरोपियों की करोड़ों रुपये की अवैध संपत्तियां कुर्क की जा चुकी हैं। ये वे अपराधी हैं जो वर्षों से फरार थे, और जिनके खिलाफ संगीन धाराओं में मामले दर्ज हैं। पुलिस ने एनडीपीएस, हत्या, लूट, धोखाधड़ी, अवैध हथियार जैसे गंभीर मामलों में संलिप्त घोषित अपराधियों की संपत्ति को विधि अनुसार अटैच कर लिया है।

### पुलिस की छापेमारी लगातार जारी

एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि अब कोई भी अपराधी कानून की पकड़ से बाहर नहीं। फतेहाबाद पुलिस सिर्फ गिरफ्तारी नहीं कर रही, बल्कि उनकी अवैध संपत्तियों पर भी चोट कर रही है। भगोड़ों को आर्थिक तौर पर पंगु किया जा रहा है, ताकि अपराध से अर्जित संपत्ति से चैन की सांस न ले सकें। पुलिस की विशेष टीमें लगातार जिले के गांवों, कस्बों, सीमावर्ती इलाकों और यहां तक कि अन्य राज्यों में भी छापेमारी कर रही हैं। तकनीकी संसाधन, सर्विलांस, गुप्त सूचनाएं और खुफिया नेटवर्क के सहारे अपराधियों को दबोचा जा रहा है।

### इन पर चल रही कार्रवाई

जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिन भगोड़ों की संपत्ति जब्त होनी है, उनमें पहला नाम संदीप कुमार पुत्र रामदास निवासी गुलरवाला का है। उसके खिलाफ थाना शहर फतेहाबाद में केस दर्ज है। पुलिस ने उसका एक मोटरसाइकिल जब्त किया है। इसके अलावा पवन कुमार पुत्र महावीर सिंह निवासी ठाकर बस्ती, फतेहाबाद के खिलाफ थाना शहर फतेहाबाद में केस दर्ज है। उसका मोटरसाइकिल व कार जब्त किया गया है। अजय पुत्र खजान चंद निवासी ठाणी ठोबा, जिला फतेहाबाद करा बुलेट और स्पलेंडर मोटरसाइकिल, थाना सदर रतिया में दर्ज मामले में नामजद तेही सिंह पुत्र रांझा सिंह निवासी नकटा, जिला फतेहाबाद का मोटरसाइकिल, थाना सदर टोहाना में दर्ज मामले में सत्यवान पुत्र सुल्तान सिंह नि वासी इंदाछुई, जिला फतेहाबाद की 7 कनाल भूमि, थाना भट्टूकलां में दर्ज मामले में नामजद विशाल पुत्र राय सिंह निवासी भट्टू, जिला फतेहाबाद की 28 कनाल 10 मरले भूमि, थाना भूना में धोखाधड़ी मामले में आरोपी सुभाष पुत्र हरफूल सिंह निवासी गोरखपुर का मोटरसाइकिल, थाना सदर टोहाना में दर्ज मामले में राजीव पुत्र ज्ञानी राम निवासी बलियाला, जिला फतेहाबाद की 5 कनाल भूमि, थाना शहर फतेहाबाद में दर्ज धोखाधड़ी मामले में राजकुमार पुत्र अर्जुन सिंह निवासी कोहली, आदमपुर, जिला हिसार की 11 कनाल 3 मरले भूमि सम्पति को जब्त की जा रही है।

### पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली व निशानदेही ऐतिहासिक फैसला

डिजिटलाइजेशन का कार्य व्यापक परिवर्तन लाने का काम करेगा

**सिरसा।** प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व विभाग की चार सेवाओं का डिजिटलाइजेशन के निर्णय को वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप रातुसरिया ने सरकार का ऐतिहासिक निर्णय बताया है। रातुसरिया ने जारी बयान में कहा कि इन सेवाओं का डिजिटलाइजेशन का कार्य व्यापक परिवर्तन लाने का काम करेगा। पेपरलेस रजिस्ट्री, निशानदेही प्रणाली से जनता को घर बैठे लाभ मिलेगा और काम में तत्परता व पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। इसके अलावा राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली व व्हाट्सएप चैटबोट से कार्य में पारदर्शिता के साथ-साथ आमजन को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं काटने होंगे, बल्कि घर बैठे ही उन्हें ज्यादातर कार्य करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग में नई व्यवस्था लागू करने से तहसीलों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

# सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

■ हादसे में घयलों का उपचार नागरिक अस्पताल हो रहा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा

चौपटा क्षेत्र में सडक़ हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का जिला नागरिक अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

इसके अलावा गांव बकरियां वाली के पास मंगलवार को प्राइवेट बस की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिए गए हैं। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार गांव हंजीरा निवासी ओमप्रकाश अपनी बेटी सोनू के साथ चौपटा से गांव लौट रहा था।

इसी दौरान गांव हंजीरा निवासी अनिल कुमार, सुनील व कुलदीप भी बाइक से घर जा रहे थे। नाथूसरी कलां और हंजीरा के बीच अचानक सामने से आ रही तेज रोशनी के कारण दृश्यता कम हो गई और दोनों मोटरसाइकिल आपस में भिड़ गए। इस हादसे में कुलदीप व अनिल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, ओमप्रकाश, उसकी बेटी सोनू और सुनील गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को तुरंत सिरसा के अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक कुलदीप और अनिल दिहाड़ी मजदूरी का कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। हादसे की खबर से गांव में मातम का माहौल छा गया। घटना की सूचना मिलते ही चौपटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मंगलवार देर शाम दोनों का गांव में गमगमीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।



**सिरसा।** बस की चपेट में आया बाइक सवार। *फोटो : हरिभूमि*

### उपचार के दौरान युवक की मौत

इसके अलावा गांव बकरियां के पास मंगलवार को एक प्राइवेट बस की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल में पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

### 22 ग्राम हेरोइन सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर की

**डबवाली।** पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान शहर के मलोट रोड बठिंडा चौक क्षेत्र से एक युवक को 15 ग्राम 720 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एएनसी स्टाफ डबवाली प्रभारी सूबे सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान रवि निवासी पंजाब के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान मलोट रोड बठिंडा चौक क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक पैदल-पैदल आता दिखाई दिया जो कि सामने पुलिस को देखकर वापस जाने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 15 ग्राम 720 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इसके अलावा सीआईए कालांवाली पुलिस ने गांव मटदादू रोड क्षेत्र से बाइक सवार दो लोगों को 7 ग्राम 280 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है।

**बैठक** ग्रामीणों की मांग पर रोडवेज विभाग को दिए बस के ठहराव के निर्देश

# पंजुआना में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में एडीसी ने सुनीं समस्याएं

ग्राम पंचायत की मांग या समस्याओं पर गहनता से की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला प्रशासन के रात्रि ठहराव कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को नजदीक से जानना व उनका समाधान करना है। कार्यक्रम में आई हर समस्या का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा और जो भी ग्राम पंचायत की मांग या समस्या होगी, उस पर गंभीरता से कार्यवाही होगी।

यह बात अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने सोमवार को गांव पंजुआना में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले अतिरिक्त उपायुक्त ने स्कूल परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण स्वच्छता का संदेश भी दिया। स्कूली छात्राओं ने हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

इस दौरान 55 से अधिक जनसमस्याओं को अतिरिक्त उपायुक्त ने बारीकी से सुना और संबंधित विभागों को जल्द निवारण के निर्देश दिए। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत दिन में 15 से ज्यादा विभागों ने स्टाल के माध्यम से ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाया व विभागीय स्तर पर समस्याओं का समाधान भी किया। इस दौरान कबड्डी का मैच भी करवाया गया।

जो समस्या ऊपरी स्तर की हैं, उनका भी समयबद्धता के साथ निवारण करवाया जाएगा।रात्रि ठहराव कार्यक्रम में गांव के पढऩे वाले युवाओं ने गांव में बस का ठहराव न होने की समस्या रखी। युवाओं का कहना था कि कई बार तो बस का इंतजार करके वापिस आ जाते हैं, जिससे हमारी पढ़ाई भी छूट जाती है।

इस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने रोडवेज के अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि कल से बस का ठहराव सुनिश्चित किया जाए।



**सिरसा।** गांव पंजुआना में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में समस्याएं सुनते एडीसी।

### मकानों की मरम्मत बारे किया जाएगा सर्वे

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में बहुत सी समस्या मकानों की मरम्मत को लेकर आई। इस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि गांव में सर्वे करवाया जाएगा। सर्वे के आधार पर पात्र परिवारों के मकान की मरम्मत की समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। वहीं अतिरिक्त उपायुक्त ने हाल ही में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के पंजीकरण बारे उपस्थित महिलाओं से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो भी महिला योजना की पात्रता को पूरा करती है, वह अपना पंजीकरण जरूर करवाएं ताकि उसे योजना का लाभ मिल सके।

# साइबर ठगी करने वाला आरोपी किया गिरफ्तार

■ अपराधी ने की थी 95 हजार की ठगी यूपी से किया गया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

साइबर अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान के तहत साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने ऐनीडेस्क ऐप के जरिए खाते से ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर प्रभारी निरीक्षक राहुल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान नितेश वर्मा पुत्र राजकुमार वर्मा निवासी वार्ड नंबर 12, नजदीक चिरगांव, झांसी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। आरोपी से 2 हजार की नकदी भी बरामद की गई है। साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने इस बारे गुरदीप सिंह पुत्र गुरजन्ट सिंह निवासी पिलछियां, तहसील रतिया, जिला फतेहाबाद की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके साथ 94,901 की साइबर ठगी की गई है। गुरदीप के अनुसार उसने इंटरनेट पर बैंक का कस्टमर केयर नंबर सर्च किया और कॉल करने पर सामने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक कर्मी बताया। ठग ने शिकायतकर्ता से ऐनीडेस्क ऐप डाउनलोड करवाया और फिर ओटीपी प्राप्त कर खाते से पैसे उड़ा लिए। शिकायत के आधार पर साइबर थाना फतेहाबाद में प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच में तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से नितेश वर्मा की संलिप्तता उजागर हुई, जिसे नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने ठगी की वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की है।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी। *फोटो : हरिभूमि*

### पुलिस जांच में जुटी

*पुलिस अब पूरे नेटवर्क और अन्य साथियों की भूमिका की गहनता से जांच कर रही है। साइबर थाना टीम अपराध की जड़ तक पहुंचने के लिए लगातार प्रयासरत है।*



# महाकाली से सामने आया अक्षय का फर्स्ट लुक

**मुंबई।** हनुमान फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा एक बार फिर पौराणिक कथाओं पर आधारित एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है महाकाली। अब फिल्म महाकाली से अभिनेता अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक सामने आया है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय खन्ना काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनके चारों ओर अंधेरा है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय सफेद रंग के बड़े बालों और बड़ी दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। उनके सिर पर ऋषियों की तरह जूड़ा भी बंधा हुआ है। उनकी एक आंख पूरी तरह से सफेद नजर आ रही है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय को पहचानना पूरी तरह से मुश्किल लग रहा है।

लाइफ Style

# हुमा
## अरेंज मैरिज और प्यार के बीच फंसी

हुमा कुरैशी, श्रेयस तलपड़े और सनी सिंह की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म सिंगल सलमा का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। शादी को केंद्र में रखते हुए सिंगल सलमा एक ट्रैंगल कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। ट्रेलर में भरपूर कॉमेडी और ड्रामा देखने को मिल रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

2 मिनट 16 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर और लखनऊ के रूमी दरवाजा के साथ होती है। इस वॉइस ओवर में कहा जाता है, 'हिंदुस्तान में कॅरियर और सक्सेस चाहे जितना कमा लीजिए, असली प्रमोशन सिर्फ एक चीज में है अब शादी कर लो।' इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है कुंवारी सलमा यानी हुमा कुरैशी की। फिर शुरू होता है सलमा की शादी कराने का प्रयास। एक-एक करके किरदार और कैंडिडेट आते जाते हैं। इसी दौरान ट्रेलर में कॉमेडी होती रहती है। इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है श्रेयस तलपड़े की, जो एक सीधे-सादे सलमा की ही उम्र के व्यक्ति बने हैं। जबकि दूसरी ओर हैं सनी सिंह, जो आजकल के जमाने के क्लब जाने वाले व्यक्ति हैं। इसके बाद सलमा, सिकंदर (श्रेयस तलपड़े) से अरेंज मैरिज करना चाहती है। लेकिन तभी उसका दिल मीत (सनी सिंह) के लिए भी धड़कने लगता है। बस यहीं से शुरु होता है सलमा की जिंदगी में कन्फ्यूजन। अब वो लखनऊ के रहने वाले सिकंदर से शादी करेगी या लंदन के रहने वाले मीत से, यह फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। ट्रेलर में लखनऊ की झलक देखने को मिली है, जिससे पता चलता है कि फिल्म में भी लखनऊ भरपूर देखने को मिलेगा। ट्रेलर में कई जगह डबल मीनिंग जोक भी हैं।



हॉलीवुड मसाला



# टूट गई निकोल की दूसरी शादी

**लॉस एंजिल्स।** टॉम क्रूज की एक्स वाइफ निकोल किडमैन पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में हैं। उन्होंने साल 2006 में कीथ अर्बन से शादी की थी। इनके दो बच्चे हैं। पर शादी के 19 साल बाद इनका रिश्ता टूट गया है। दोनों सेपरेट हो गए हैं। निकोल इस शादी को बचाना चाहती थीं। पर लाख चाहने के बावजूद ये रिश्ता टूट गया। ऑस्कर विनर एक्ट्रेस निकोल और कंट्री म्यूजिक स्टार कीथ ने महीनों की अटकलों के बाद अलग होने का फैसला किया है।



# ब्रिजर्टन 4 का पहला पोस्टर हुआ जारी

**लॉस एंजिल्स।** स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पहला पोस्टर शेयर किया गया है। साथ ही यह सीरीज कब दर्शकों को देखने को मिलेगी, इस बात से भी पर्दा उठ गया है। जानिए, 'ब्रिजर्टन 4' से जुड़ा यह नया अपडेट। नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पोस्टर शेयर किया गया है। जिसमें एक लड़की मास्क हाथ में लिए खड़ी है। उसका चेहरा पूरा नजर नहीं आया है। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा गया है, 'तैयार हो जाइए, क्योंकि कुछ भी हो सकता है। 'ब्रिजर्टन सीजन 4' 2026 में शुरू होगा। 'ब्रिजर्टन वेब सीरीज राइटर जूलिया क्विन की बुक्स पर बेस्ड है। इसके अब तक तीन सीजन आ चुके हैं। एक सीजन में एक्ट्रेस सिमोन एश्ले भी नजर आईं। यह सीरीज एक ब्रिटिश राज परिवार के बारे में है।



# बेटी के साथ दुर्गा पंडाल में हुईं शामिल

**मुंबई।** दुर्गा अष्टमी के दिन अभिनेत्री बिपाशा बसु ने दुर्गा पूजा पंडाल में अपनी बेटी देवी और पति करण सिंह ग्रोवर के साथ जाकर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया हैंडल पर दुर्गा पांडाल के कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जिनमें से एक एक वीडियो बिपाशा बसु और उनकी बेटी देवी का है। नॉर्थ बॉम्बे सर्बोजनीन दुर्गा पूजा पंडाल में बिपाशा अपने पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी देवी के साथ दिखीं। इस दौरान बिपाशा ने पैपराजी को जमकर पोज दिए। इसके साथ ही बिपाशा ने वहां पर मौजूद सभी लोगों को शुभो अष्टमी की शुभकामनाएं दीं और सभी का शुक्रिया अदा किया। दुर्गा अष्टमी के दिन बिपाशा ने नारंगी और लाल रंगी की साड़ी, लंबे झुमके, स्लीक बन और लाल लिपस्टिक में खूबसूरत लुक अपनाया।



# काजोल-ट्विंकल के शो में पहुंची आलिया

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो 'टू मच' की शुरुआत हो चुकी है। इसमें कई सितारे मेहमान बनकर पहुंच रहे हैं। अब शो में वरुण धवन और आलिया भट्ट पहुंचने वाले हैं। इस दौरान अभिनेता ने कुछ मजेदार बातें की है। काजोल और ट्विंकल के आगामी एपिसोड में वरुण धवन और आलिया भट्ट नजर आएंगे, जिसका एक प्रोमो वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो की शुरुआत में वरुण धवन ने अपनी फिल्म 'मैं तेरा हीरो' का डायलॉग बोला। उन्होंने कहा, 'मैं दिखता हूं स्वीट एंड इनोसेंश स्वामी टाइप का, लेकिन मैं हूं बड़ा अजीब टाइप का।'इसके आगे आलिया को किसी बात पर जोर से हंसते हुए देखा जाता है। आगे प्रोमो में वो कहते हैं, एक फिल्म है, जिसे मैंने जब देखा तो पसंद नहीं आई थी।

टीवी मसाला



# राइज एंड फॉल' में मनीषा रानी की वाइल्डकार्ड एंट्री

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर के शो 'राइज एंड फॉल'इन दिनों फिर से चर्चा मे है, क्योंकि मनीषा रानी ने वाइल्डकार्ड एंट्री की है। उनकी मजेदार वन-लाइनर्स, 'धनपवन साड़ी सेंटर'वाला किस्सा और फॉरेन इंग्लिश का मजाक सबको खूब भाया। ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर का रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' लगाता सुर्खियों में बना हुआ है। एक ओर जहां धनश्री वर्मा के खुलासों की लगातार चर्चा हो रही है, वहीं एक सच्चाई यह भी है कि भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के जाने के बाद से शो की व्यूअरशिप कम हो रही है। अब इस शो में सबकी धड़कनें बढ़ाने वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है मनीषा रानी की। 'बिग बॉस ओटीटी 2' में अपनी बातों, अदाओं और तेज दिमाग से धूम मचाने वाली मनीषा के आने से 'राइज एंड फॉल' में सनसनी मचने वाली है। मनीषा रानी ने शो में धमाकेदार एंट्री करते ही 6 लाख रुपए जीतने का मौका पाया और अपने आपको बेसमेंट फॉल से बचाया है। यही नहीं, उन्हें शो में एक कंटेस्टेंट को एलिमेशन के लिए नॉमिनेट करने और एक को एलिवेट करने का भी मौका मिला। मनीषा ने जहां बाली को शो से एविक्ट करने के लिए नॉमिनेट किया है, वहीं आरुष भोला एलिवेट करने का काम किया। इसके साथ ही धनश्री वर्मा को फॉल फेस करने के लिए भेजा। इसमें कोई दोराय नहीं है कि मनीषा के आने से गेम का रोमांच बढ़ गया है।

## तान्या ने बीच में छोड़ी पढ़ाई

**नई दिल्ली।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन लगातार बज में बना हुआ है। इसके कंटेस्टेंट्स आए दिन सुर्खियां बटोर रहे हैं। ग्वालियर के विद्या पब्लिक स्कूल से ग्रेजुएशन करने के बाद तान्या आर्किटेक्चर की पढ़ाई करने के लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी गईं। लेकिन, अपने बिजनेस गोल्स पर फोकस करने के लिए उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। 26 साल की तान्या के इंस्टाग्राम पर 2.5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। डब्बू मलिक और ज्योति मलिक के बेटे अमाल मलिक कम उम्र से ही म्यूजिक की दुनिया में हैं। सफलता पाने के बाद भी उन्होंने पढ़ाई पूरी की। उन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में बताया था कि उनकी मां टीचर हैं और उन्होंने साफ कहा था कि कॅरियर के साथ-साथ पढ़ाई भी करनी है, क्योंकि वो बहुत जरूरी है। उन्होंने जमनाबाई नरसी स्कूल से पढ़ाई की और मुंबई के एनएम कॉलेज से कॉमर्स में बैचलर डिग्री हासिल की। कानपुर में जन्में गौरव खन्ना ने एक्टिंग की दुनिया में आने से पहले करीब एक साल तक आईटी फर्म में मार्केटिंग मैनेजर के तौर पर काम किया था।



# सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी से कम किए गए किसिंग सीन...

*फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' इन दिनों चर्चा में है। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ अभिनीत रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से यू/ए 13+ सर्टिफिकेट मिला है।*

**मुंबई।** बोर्ड की तरफ से फिल्म में मामूली संपादन की सिफारिश के बाद इसे रिलीज की इजाजत मिली है। सेंसर बोर्ड को फिल्म को मंजूरी देने से पहले दो बड़े बदलावों की जरूरत थी। पहला, 'गार्ड' शब्द को म्यूट करना, जिसका इस्तेमाल उस सीन में किया गया है जहां वरुण धवन का किरदार एक गाली को छिपाने की कोशिश करता है। दूसरा, किसिंग सीन को लगभग 60 प्रतिशत कम करना था। इन संपादनों के बाद, फिल्म को आखिरी मंजूरी मिल गई। सेंसर सर्टिफिकेट में फिल्म की अवधि 135 मिनट 45 सेकंड या 2 घंटे 15 मिनट 45 सेकंड बताई गई है। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, मनीष पॉल, अक्षय ओबेरॉय और अभिनव शर्मा हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई है। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सिनेमाघरों में यह फिल्म ऋषभ शेट्टी की 'कंतारा चैप्टर 1' से टकराएगी। वरुण धवन और जान्हवी कपूर इस फिल्म का खूब प्रचार कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के साथ डांस करते हुए फिल्म का प्रमोशन किया था। आपको बता दें कि वरुण धवन जल्द ही फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं।



# ऐश्वर्या संग पोज देकर खुशी से झूमीं सिमोन



**पेरिस।** सोमवार को ब्रिटिश सीरीज ब्रिजर्टन की एक्ट्रेस सिमोन एश्ले ने अपने इंस्टाग्राम पर ऐश्वर्या राय के साथ एक फोटो शेयर कीं। सिमोन और ऐश्वर्या के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हैं। ऐश्वर्या बहुत प्यार से सिमोन के साथ गपशप कर रही हैं। अपना मेकअप छोड़कर ऐश्वर्या ने सिमोन के साथ सेल्फी ली। सिमोन एश्ले ने ऐश्वर्या राय के साथ क्लिक की गई सेल्फी को अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट किया है। साथ ही इस फोटो को ऐश्वर्या राय को भी टैग किया है। साथ ही फोटो पर एक हार्ट इमोजी भी बनाया है। यह फोटो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल है।

## आईएमडीबी ने जारी की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट

# बीते 25 साल में इन 25 फिल्मों ने जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** आईएमबीडी ने वैसी फिल्मों की लिस्ट जारी ही है जो पिछले 25 सालों की सबसे अधिक पॉप्युलर रहीं। इस डेटासेट में जहां शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। द इंटरनेट मूवी डेटाबेस ने पिछले 25 साल की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में साल 2000 के बाद से रिलीज हुई कई शानदार फिल्मों के नाम शामिल हैं। आईएमबीडी की लिस्ट में 2000 से 2025 के बीच में सबसे ज्यादा सर्च की गईं फिल्में और सितारों के नाम भी शामिल हैं और इन्हें ऑल टाइम पेज व्यूज के आधार पर रैंक किया गया है। ये रिपोर्ट 130 फिल्मों पर बेस्ड है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2000 से 2025 के बीच अब तक की सबसे ज्यादा पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की गई है। वहीं, इस लिस्ट में हालिया रिलीज फिल्म 2025 की 'सैयारा' पहले नंबर पर मौजूद है। सैयारा ने विक्की कौशल की छावा को भी पीछे छोड़ दिया है जो दूसरे नंबर पर है। 2025 की लिस्ट में तीसरे नंबर पर महावतार नरसिम्हा, चौथे नंबर पर ड्रैगन और पांचवें नंबर पर कुली है।





### इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में

आईएमबीडी की 130 फिल्मों पर बेस्ड इस इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में हैं। साल 2000 से 2005 तक की सभी टॉप फिल्मों में शाहरुख खान लीड रोल में थे, एसएस राजामौली की दो 'बाहुबली' फिल्मों के बाद के वर्षों में हिंदी स्पीकिंग रीजन से बाहर के टाइटल में काफी तेजी देखी गई।

### शाहरुख की कमबैक को रणबीर ने दी मात

ये तो साफ है कि शाहरुख खान लंबे समय से दर्शकों के पसंदीदा हीरो रहे हैं। पिछले 25 वर्षों के आधार पर बनी इस लिस्ट में टॉप पर रहने वाली सात फिल्में हैं। दिलचस्प बात ये है कि उनकी 2023 की सभी कमबैक हिट फिल्मों को रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने पछाड़ दिया।

### आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में

वहीं, पूरे 130 फिल्मों के डेटासेट में, शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। दीपिका पादुकोण 130 फिल्मों के डेटासेट में 10 फिल्मों के साथ सबसे लोकप्रिय फीमेल स्टार रहीं। 25 साल की के दौरान आखिरी सालों में दुनिया भर में अच्छा प्रदर्शन करने वाली फिल्मों में तेजी नजर आई।

### एनालिसिस के आधार पर ये फिल्में सबसे अधिक पॉप्युलर

2000 - मोहब्बतें
2001 - कभी खुशी कभी गम
2002 - देवदास
2003 - कल हो ना हो
2004 - वीर-जारा
2005 - ब्लैक
2006 - धूम 2
2007 - तारे जमीन पर
2008 - रब ने बना दी जोड़ी
2009 - 3 इडियट्स
2010 - माई नेम इज खान
2011 - जिंदगी ना मिलेगी दोबारा
2012 - गैंग्स ऑफ वासेपुर
2013 - द लंचबॉक्स
2014 - पीके
2015 - बाहुबली: द बिगिनिंग
2016 - दंगल
2017 - बाहुबली 2: द कन्क्लूजन
2018 - केजीएफ: चैप्टर 1
2019 - उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक
2020 - दिल बेचारा
2021 - पुष्पा: द राइज
2022 – केजीएफ: चैप्टर 2
2023 – एनिमल
2024 – पुष्पा 2: द रूल
2025 – सैयारा

### वो फिल्में जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही

आईएमडीबी ने उन भारतीय फिल्मों की भी लिस्ट तैयार की है जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही है। इनमें वो फिल्में हैं जिनमें रिलीज के कई सालों बाद भी दर्शकों की दिलचस्पी में इजाफा देखने को मिली। इन फिल्मों में विरुमंदी (2004), बैंगलोर डेज (2014), मसान (2015), प्रेमम (2015), बरेली की बर्फी (2017) और रत्सासन (2018) शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### पेंटिंग प्रतियोगिता में भूमि प्रथम

**सिरसा।** सेवा पखवाड़ा के तहत खंड स्तर पर आयोजित 'विकसित भारत' पेंटिंग प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहूवाला-द्वितीय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में छात्रा भूमि ने प्रथम स्थान तथा छात्रा दीपिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्या मंजू पुनिया ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और कहा कि बच्चों की मेहनत और प्रतिभा ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

### किसानों में डीएपी के लिए हाहाकारः केहरवाला

**सिरसा।** कालांवाली के कांग्रेस विधायक शीशपाल केहरवाला ने सिरसा जिले में चल रही डीएपी की कमी को लेकर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। केहरवाला ने जारी बयान में कहा कि स्वयं को किसान हितैषी कहने वाली भाजपा सरकार के समय में किसानों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### सपना ने जिम्नास्टिक में जीता स्वर्ण पदक

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा कुमारी सपना ने खेल महाकुंभ 2025 के तहत अंबाला कैंट के वार हीरोज मैमोरियल स्टेडियम में आयोजित जिम्नास्टिक (आर्टिस्टिक) प्रतियोगिता में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर जिला सिरसा व महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने सपना की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

### दीपावली पर बकाया बिल माफी का उपहार दे सरकार

**सिरसा।** जिला वेलफेयर फोरम के संयोजक आनंद बियाणी ने सरकार से मांग की है कि वह दीपावली पर प्रदेशवासियों को पानी, बिजली के बकाया बिलों को माफ कर उपहार दे अथवा बकाया बिलों पर लगाए गए सरचार्ज व दंड समाप्त किए जाएं। आनंद बियाणी ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश की जनता आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है।

### नशे को जड़ से उखाड़ने का प्रयास कर रही पुलिस

**ओढां।** पुलिस द्वारा डबवाली क्षेत्र से नशे को जड़ें उखाड़ने के प्रयासों से नशा तस्करों को जेल भेजने व नशा पीड़ितों को इलाज उपलब्ध करवाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने में काफी हद तक सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर द्वारा स्वयं आमजन से सीधा सम्पर्क स्थापित करते हुए नशे के खिलाफ जागरूकता सेमिनार किए जा रहे हैं। पुलिस के प्रयासों से गांव नुहियांवाली की नशा मुक्ति कमेटी ने अहम कड़ी का काम किया है। नशे के प्रकोप को देखते हुए गांव नुहियांवाली के ग्रामीणों ने सराहनीय कदम उठाते हुए पंचायत के सहयोग से 21 सदस्यीय कमेटी की गठित।

## जुर्माने के साथ दर्ज होगी एफआईआर : एसपी

# पराली या भूसे को आग लगाने पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई

*पराली जलाने से खेत की उर्वरा शक्ति में कमी आती है, जबकि इसके धुएं से वातावरण प्रदूषित होता है*

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

खेतों में पराली या भूसे को जलाने से उत्पन्न गंभीर वायु प्रदूषण और उससे मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक सख्त एडवाइजरी जारी की है। इसका उद्देश्य किसानों एवं जिलेवासियों को जागरूक करना और पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाना है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि पराली या भूसे को जलाना कानूनन अपराध है।

**पराली या भूसे को जलाना कानूनन अपराध है: सिद्धांत**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशों के तहत ऐसा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध जुर्माना, एफआईआर, और अन्य कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

खेतों या खुले स्थानों पर पराली अथवा भूसे को आग लगाना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है और इसके प्रति पुलिस की ज़ीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। पराली जलाने से खेत की उर्वरा शक्ति में कमी आती है, जबकि इसके धुएं से वातावरण में धुंध फैलती है, जिससे सडक़ दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है।



एसपी सिद्धांत जैन।

वायु प्रदूषण के कारण अस्थमा, एलर्जी, हृदय रोग, और फेफड़ों की बीमारियों में भी वृद्धि होती है। सरकार द्वारा पराली प्रबंधन के लिए आधुनिक मशीनें जैसे सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, हैप्पी सीडर, मल्चर आदि उपलब्ध कराई गई हैं, जिनका किसान भाई लाभ उठा सकते हैं। किसानों से अनुरोध है कि वे सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए विकल्पों का उपयोग करें और पर्यावरण की रक्षा में अपना सक्रिय योगदान दें।

पुलिस की जिलेवासियों से अपील है कि यदि कहीं भी पराली या भूसे को जलाए जाने की घटना दिखाई दे, तो उसकी सूचना तुरंत निकटतम थाना, बीट अधिकारी, पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 88140-11741, या पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर दें।

**परली जलाना खतरनाक**

जिले में पुलिस की विशेष निगरानी टीमें निरंतर सक्रिय रहेंगी और पराली जलाने की किसी भी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्राम स्तर पर बीट अधिकारी किसानों से संवाद स्थापित करेंगे और उन्हें पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के प्रति जागरूक करेंगे। एसपी ने कहा कि पराली या भूसे को जलाना केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि हमारे समाज और आने वाली पीढ़ी के भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा है।

### गांव बीघड़ में पराली प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- पराली को मिट्टी में मिलाने और अन्य वैज्ञानिक प्रबंधन विधियों को अपनाने के लाभ बताए गए

**फतेहाबाद।** गांव बीघड़ में मंगलवार को फसल अवशेष (पराली) प्रबंधन हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर किसानों को पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा पराली को मिट्टी में मिलाने और अन्य वैज्ञानिक प्रबंधन विधियों को अपनाने के लाभ बताए गए। इस अवसर पर एसीडीओ डॉ. रामेश्वर दास ने बताया कि यदि कोई किसान पराली जलाता है तो उस पर 5000 से 30000 रुपये तक का जुर्माना, एफआईआर दर्ज होने तथा आगामी दो वर्षों तक फसल की सरकारी खरीद पर रोक लगाने का प्रावधान है। खंड कृषि अधिकारी डॉ. जय कुमार ने किसानों को भूमि व फसलों पर पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पराली को मिट्टी में मिलाकर हैप्पी सीडर अथवा सुपर सीडर जैसी आधुनिक तकनीकों से गेहूं की बिजाई करना लाभकारी है। साथ ही उन्होंने बीज उपचार और वैज्ञानिकों की अन्य सिफारिशों की जानकारी भी साझा की। इंजीनियरिंग विंग के एडीओ इंजीनियर नीरज व दीपक सिंह ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न सब्सिडी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर कृषि विकास अधिकारी डॉ. अंकित ढिल्लों ने गांव के स्कूली बच्चों को भी पराली प्रबंधन के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे अपने माता-पिता व बुजुर्गों को पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में समझाएं और पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में ग्राम सचिव महावीर प्रसाद, दीपाली व सपना, पटवारी धर्मेंद्र सिंह, तीनों पंचायतों के सरपंच सहित आसपास के किसान और गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



**फतेहाबाद।** हर घर छाव-हर घर फल योजना के तहत नागरिकों को पौधे व सब्जी मिनीकिट वितरित करते डीएचओ डॉ. श्रवण कुमार। *फोटोः हरिभूमि*

## हर घर छांव - हर घर फल योजना

# नागरिकों को वितरित किए ग्राफटिड पौधे

- प्रति गांव के हिसाब से कुल 2500 पौधे स्थानीय लोगों को वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

बागवानी विभाग, हरियाणा द्वारा पर्यावरण एवं पौष्टिकता के प्रति जागरूकता को लेकर हर घर छाव-हर घर फल योजना की शुरूआत की गई है। इसी कड़ी में जिला बागवानी अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने जिला के पांच ब्लॉकों के पांच गांवों धांगड़, भट्टू कलां, धौलू, आकांवाली व हुकमांवाली में 500 पौधे प्रति गांव के हिसाब से कुल 2500 पौधे स्थानीय लोगों को वितरित किए गए।

इस योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 21 सितंबर, को किया गया था। इस वित्तीय वर्ष में इस योजना के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले के पांच-पांच गांवों में 500 पौधे प्रति गांव यानि कुल 2500 पौधे वितरित किए जाएंगे। इन अच्छी गुणवत्ता के फलदार पौधों में किन्नु, अमरूद, अनार, नींबू व जामुन शामिल है।

**34 गांवों में 3400 सब्जी मिनीकिट वितरित करने का लक्ष्य रखा**

इन गांवों में प्रत्येक गांवों में 100 किसानों/ग्रामीणों को पांच-पांच ग्राफटिड पौधे लगाने के लिए निशुल्क उपलब्ध करवाए गए हैं तथा ग्रामीणों व किसानों से इन पौधों के रख-रखाव बारे शपथ पत्र भी लिया गया है ताकि इस योजना का क्रियान्वन अच्छी प्रकार से हो सके। उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ इस वर्ष किसानों /ग्रामीणों को सब्जी मिनीकिट कृषि पखवाड़ा के तहत चयन किए गए 34 गांवों में 3400 सब्जी मिनीकिट वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत अभी तक 2200 सब्जी मिनीकिट वितरित की जा चुकी है। इस सब्जी मिनीकिट की कुल कीमत 130 रुपये हैं तथा किसानों/ग्रामीणों को केवल 20 रुपये में यह मिनीकिट उपलब्ध करवाई जा रही है।

# डेरा प्रेमी राम देवी इन्सां बनी शरीरदानी

- बेटियों ने दिया कंधा बनकर निभाया बेटा-बेटी एक समान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

डेरा सच्चा सौदा की शिक्षाओं से प्रेरित होकर, मानवता की सेवा में जीवन समर्पित करने वाली एमसी कालोनी निवासी राम देवी जताना पत्नी स्व. दिता राम जताना अपनी सांसारिक जीवन की अंतिम यात्रा पूर्ण कर स्वर्ग सिधार गई।

डेरा प्रमुख डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां द्वारा चलाई जा रही शरीर दान महादान मुहिम का हिस्सा बनते हुए स्व. रामदेवी ने बहुमूल्य शरीर को मथुरा मेडिकल रिसर्च हेतु समर्पित कर दिया।



**फतेहाबाद।** शरीरदानी रामदेवी को अंतिम विदाई देते परिजन व डेरा प्रेमी।

**यात्रा में हजारों श्रद्धालु रहे मौजूद**

*विशेष बात यह रही कि अपनी माता की अंतिम यात्रा में बेटियों भावना, मुनीषा ने भी कंधा दिया और 'बेटा-बेटी एक समान' मुहिम को अपने आचरण से साकार किया। यह दृश्य इतना भावुक था कि वहां उपस्थित साध-संगत और रिश्तेदारों की आंखें नम हो गईं। अंतिम यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली, जिसमें हजारों की संख्या में डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालु, रिश्तेदार व स्थानीय नागरिक शामिल हुए। शव वाहन को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। यात्रा के दौरान वातावरण 'शरीर दान महादान' जैसे नारों से गूंज उठा।*

# उपायुक्त ने मंडियों में धान की खरीद का लिया जायजा

- किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद/भूना

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को अनाज मंडियों, धारसूल, जाखल, टोहाना और भूना का दौरा कर धान की खरीद को लेकर की गई तैयारियों और व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और विश्वास दिलाया कि प्रशासन किसानों को किसी भी स्तर पर असुविधा नहीं होने देगा। डॉ. विवेक भारती ने कहा कि धान फसल की खरीद प्रक्रिया पूरी तरह सुचारू, पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से होनी चाहिए।



**टोहाना।** मंडियों का निरीक्षण कर धान खरीद कार्यों का जायजा लेते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती। *फोटोः हरिभूमि*

**मंडियों में गेट पास व्यवस्था पर सख्त**

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मंडियों में गेट पास काटने की प्रणाली की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेट पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। गेट पास प्रक्रिया पूरी तरह कंप्यूटराइज्ड और पारदर्शी होनी चाहिए ताकि किसी भी स्तर पर धांधली की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि किसान जब मंडी में फसल बेचने आएं तो उन्हें गेट पास प्राप्त करने में कोई समस्या न आए, इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

**किसानों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित हों**

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मंडियों का दौरा करते हुए वहां पेयजल, शौचालय, बिजली, रोशनी और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन में मंडियों में किसानों की भारी भीड़ रहती है, ऐसे में इन मूलभूत सुविधाओं का दुरुस्त होना अनिवार्य है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि मंडियों में सफाई कर्मियों की ड्यूटी नियमित रूप से लगाई जाए और किसी भी प्रकार की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई हो। उन्होंने मंडियों में खाने की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए ताकि किसानों और मजदूरों को फायदा मिल सके।

### आध्यात्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक परंपरा के साथ मनाया गया दुर्गा अष्टमी उत्सव

**फतेहाबाद।** क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल में दुर्गा अष्टमी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं धार्मिक गरिमा के साथ मनाया गया। पूरा विद्यालय परिसर माँ दुर्गा की आराधना एवं भक्ति से ओत-प्रोत हो उठा। चारों ओर शुभ वातावरण ने पूरे कैंपस को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। भारतीय परंपरा के अनुरूप विद्यालय में कन्या पूजन का आयोजन किया गया।

नन्ही मुन्नी बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन करते हुए उन्हें माता रानी का प्रिय भोग पुरी, चना एवं हलवा अर्पित किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या रितु सिंधु एवं कोऑर्डिनेटर्स ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। इस विशेष अवसर पर प्री प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों ने पूरे मनोयोग से भाग लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की मासूम मुस्कान एवं श्रद्धा ने वातावरण को और भी पावन बना दिया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने बताया कि दुर्गा अष्टमी का यह पर्व हमें स्त्री शक्ति और मातृशक्ति के महत्व की याद दिलाता है। माँ दुर्गा की भक्ति हमें यह सीख देती है कि सच्ची शक्ति सद्गुणों, निष्ठा एवं आस्था में निहित है।



# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार देशव्यापी पहल

- महिला मोर्चा ने स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार योजना का लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिला नागरिक अस्पताल में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत एक मैगा कैंप आयोजित किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला प्रधान एडवोकेट भावना शर्मा ने कैंप में शामिल होकर अस्पताल स्टाफ सदस्यों से फीडबैक लिया और जांच करवा रही महिलाओं से भी पूछताछ कर उनकी योजना को लेकर प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत महिलाओं के सभी तरह के चैकअप फ्री में किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान एक देशव्यापी स्वास्थ्य पहल है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। यह अभियान पूरे भारत में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। पोषण माह के अंतर्गत आयोजित यह माहभर चलने वाला अभियान पोषण के प्रति जागरूकता को समर्पित है।



**सिरसा।** भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य मेगा कैंप में महिलाओं को जागरुक करते हुए।

**जांचा जा रहा महिलाओं का स्वास्थ्य**

यह अभियान मजबूत परिवारों और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं के स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान की गतिविधियों का उद्देश्य महिलाओं, किशोर लड़कियों और बच्चों के स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करना है।



# नेशनल कॉलेज के विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की शपथ

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में मंगलवार को स्वच्छता एवं नशा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि सर्वप्रथम विद्यार्थियों को अपने आसपास के पर्यावरण में साफ सफाई रखने तथा कभी नशा न करने एवं नशा करने वाले लोगों की जानकारी महाविद्यालय प्रशासन को देने की शपथ दिलवाई गई। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रांगण और पार्क की सफाई की। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता के महत्व को समझा और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. बलदेव सिंह, डॉ. गुरनाम सिंह, डॉ. अनीता मडिया, डॉ. जीत राम, डॉ. लखबीर सिंह ने सक्रिय रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। प्रो. सोनी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता और नशे के खिलाफ जागरूकता पैदा करना था। इससे विद्यार्थी अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने और नशे जैसी बुरी आदत से दूर रहने के लिए प्रेरित होंगे।

# आम सभा व इफको फसल विचार गोष्ठी का आयोजन



**भट्टूकलां।** अतिथियों का स्वागत करते हुए। *फोटोः हरिभूमि*

**भट्टूकलां।** दी भट्टूकलां सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति यानि सीएमएस की वार्षिक आम सभा एवं इफको फसल विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के चेयरमैन राकेश भांभू ने की। कार्यक्रम में कई कृषि विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों, उर्वरकों, बीजों और मिट्टी परीक्षण की उपयोगिता पर जानकारी दी। इस अवसर पर आईएफएफडीसी के राज्य संचालक आशीष, इफको फतेहाबाद के क्षेत्रीय अधिकारी संदीप श्योराण, इफको टोहाना के क्षेत्रीय अधिकारी सुशील नैन, इफको एमसी से सुनील गोदारा और सीएमएस. भट्टूकलां से मैनेजर किरणबाला, राजबीर, मेनपाल एवं सुनील उपस्थित रहे। सभा की शुरुआत में सुनील कुमार ने वर्ष 2024-25 के दौरान समिति की गतिविधियों, आय-व्यय तथा भावी योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा उपयोगी जानकारियां साझा की गईं।

**निमंत्रण** | जनसभा की तैयारियों को लेकर किसान सभा ने दर्जनों गावों का किया दौरा

# किसानों के मुद्दों और समस्याओं को लेकर चार को भट्टू अनाज मंडी में होगी किसान जनसभा

*नुक्कड़ सभाओं के जरिए किसानों को दिया जा न्योता*

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

किसानों के मुद्दों और समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा 15वें राज्य सम्मेलन के अवसर पर 4 अक्टूबर को अनाज मण्डी भट्टू में किसान जनसभा का आयोजन किया जाएगा।

जनसभा की तैयारियों को लेकर किसान नेताओं द्वारा जिलेभर के गांवों में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर किसानों को इस जनसभा में भाग लेने का निमंत्रण दिया जा रहा है। मंगलवार को भी किसान सभा की टीमों ने दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस जनसभा में मुख्य वक्ता के तौर पर किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक धवले, महासचिव वीजू कृष्ण, वित्त सचिव कृष्ण प्रसाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड इन्द्रजीत सिंह, किसान सभा के नेता और पूर्व विधायक बलवान पूनिया सहित अनेक किसान नेता संबोधित करेंगे।



**फतेहाबाद।** भट्टू जनसभा को लेकर गांवों का दौरा करते किसान सभा के नेता।

**किसानों की समस्याओं पर सम्मेलन**

किसान सभा जिला सचिव राजेंद्र बाटू ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर जिसमें फसल खराबे का मुआवजा, पानी की निकासी के स्थाई प्रबंध करवाने, समय पर बिना शर्त किसानों को खाद देने, फसल बीमा योजना में बीमा कंपनियों की लूट के खिलाफ किसान सभा का दो दिवसीय 15 वां राज्य सम्मेलन भट्टू में होगा, जिसमें प्रदेश भर से किसान शामिल होंगे। जिला प्रधान विष्णुदत ने बताया कि सम्मेलन के मौके पर किसानों के मुद्दों को उठाया जाएगा। आज किसान अपनी फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे दामों पर बेचने को मजबूर है और प्रति एकड़ पर किसानों को हजारों रुपए का घाटा हो रहा है। इसी प्रकार खाद लेने के लिए सुबह से भूखे-प्यासे किसान कई-कई घंटे लाइन में लगने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि सेम से हर वर्ष फसलें बर्बाद हो रही है लेकिन किसानों को हुए नुकसान का सरकार को मुआवजा नहीं दे रही। किसानों को पोर्टल के नाम पर उलझाया जा रहा है। किसानों के इन मुद्दों के समाधान की तरफ सरकार और प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है।

**राजकीय महिला कॉलेज में हुई भाषण प्रतियोगिताः सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति विषय पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गई।

अदालती नोटिस
**नायब तहसीलदार/तहसीलदार कम सब-रजिस्ट्रार रतिया जिला फतेहाबाद।**
नोटिस बनाम जनरल पब्लिक एवम् सभी रिश्तेदारान
हर आम वा सभी रिश्तेदारान को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी गुरप्रीत सिंह निवासी गांव अहरवां तहसील रतिया जिला फतेहाबाद ने दिनांक 08/08/2025 को एक दरखास्त इस न्यायालय में पेश करके बताया है कि उसकी माता श्रीमती कश्मीर कौर विधवा राज सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह निवासी गांव अहरवां तहसील रतिया जिला फतेहाबाद द्वारा अपनी तमाम चल व अचल जायदाद स्थित मौजा अहरवां तहसील रतिया जिला फतेहाबाद सहित समस्त भारत वर्ष बारे एक वसीयतनामा बाहक गुरप्रीत सिंह पुत्र राज सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह 1/2 भाग व श्रीमती जराविन्द्र कौर विधवा व दलजीत सिंह पुत्र मिलखा सिंह पुत्र राज सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह हर दो समभाग 1/2 भाग, निवासीयान गांव अहरवां तहसील रतिया जिला फतेहाबाद, के हक में एक अन-रजिस्ट्रड वसीयतनामा दिनांक 10.01.2024 को कम्प्यूटराईज्ड टाईप करवाया था। इस वसीयतनामा को श्री गुरजीत सिंह ढोट एडवोकेट, रतिया द्वारा ड्राफट किया गया था तथा इस वसीयतनामा पर बतौर गवाह नम्बर 1 जीताराम नम्बरदार, गांव अहरवां व बतौर गवाह नम्बर 2 लखविन्द्र सिंह पुत्र गुरदीप सिंह निवासी गांव अहरवां तहसील रतिया जिला फतेहाबाद ने अपने-अपने हस्ताक्षर किए थे व श्रीमती कश्मीर कौर मजकूरा ने अपना निशान अंगूठा लगाया हुआ है। दिनांक 03.03.2024 को उक्त श्रीमती कश्मीर कौर की मृत्यु हो चुकी है व श्रीमती कश्मीर कौर की मृत्यु उपरान्त उसके द्वारा लिखवाए गए वसीयतनामा को अब प्रार्थी रजिस्टर्ड करवाना चाहता हैं यदि किसी व्यक्ति को इस वसीयत को रजिस्ट्रड करने में कोई एतराज हो तो वह खुद याअपने वकील की मारफत इस न्यायालय में इस नोटिस के अखबार में प्रकाशित होने के एक महीने के अन्दर-अन्दर अपना एतराज पेश कर सकता है, बाद गुजर जाने मियाद कोई उजर काबिले सुनवाई नहीं होगी और यह वसीयत नियमानुसार रजिस्ट्रड कर दी जावेगी। यह नोटिस आज दिनांक 25-09-202 को मेरे न्यायालय की मुद्रांक एवं मेरे हस्ताक्षरों सहित जारी किया गया।
No. 230 TEHSILDAR-CUM-A.C.
Dated : 25.09.2025 IIND GRADE

## खबर संक्षेप

### अफीम तस्करी मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिलेभर में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान जारी है। इसी क्रम में थाना भुना पुलिस ने अफीम तस्करी के एक मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनजीत कुमार उर्फ हैदर पुत्र हवा सिंह निवासी ढाणी डूल्ट, थाना भुना के रूप में हुई थी। पुलिस जांच के दौरान सामने आया कि इस अफीम तस्करी का मुख्य सप्लायर जगसीर सिंह उर्फ जग्गी पुत्र मंगत राम निवासी डूल्ट है।

### डोडा पोस्त तस्करी में एक और काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जगतार सिंह उर्फ तारी पुत्र मगर सिंह निवासी वार्ड नंबर 05, रतिया के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक हजार रुपये की नकदी बरामद की है।

### डीएपी खाद के भंडारण का मामला, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां पुलिस ने डीएपी खाद के अवैध भंडारण के मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने सुनील कुमार पुत्र प्रदीप निवासी गांव किरढान को काबू किया है, जिसके कब्जे से 394 बैग डीएपी खाद बरामद किए गए हैं। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि गुण नियंत्रण निरीक्षक जगीर सिंह, से सूचना प्राप्त हुई कि गांव किरढान में सुनील कुमार अपने घर के कमरे/गोदाम में बिना लाइसेंस के बड़ी मात्रा में डीएपी खाद संग्रहित कर रहा है।

### अग्रोहा में देशभर से पहुंचेंगे श्रद्धालु

**फतेहाबाद।** आगामी 7 अक्टूबर को अग्रोहा धाम अग्रोहा में एक ऐतिहासिक, विशाल और भव्य राष्ट्रीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में कश्मीर से कन्याकुमारी तक सभी जातियों और धर्मों के लाखो श्रद्धालु बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे। यह बात अग्रोहा धाम अग्रोहा के प्रदेश प्रेस प्रवक्ता डॉ. राजकुमार गोयल ने कही। गोयल ने बताया कि इस राष्ट्रीय मेले में महा ब्रह्मर्षि श्रीकुमार स्वामी, देश के जाने माने भजन गायक शिरकत करेंगे।

### स्वच्छता से ही होगा स्वस्थ जीवन का निर्माणः एडीसी

**सिरसा।** सेवा पखवाड़ा के तहत जिला के शहरी क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के तहत लगातार स्वच्छता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को भी जिला की नगर परिषद व नगर पालिका में सफाई अभियान चलाया गया। सफाई कर्मियों ने गली मोहल्लों व चौक चौराहों पर सफाई कर कूड़ा एकत्रित किया।

### धान खरीद को लेकर मिलर्स व किसान सहयोग करें

**रतिया।** वर्ष 2025 -26 में सीएमआर का कार्य करने वाले जिला फतेहाबाद के 203 राइस मिलर्स की अलॉटमेंट अब तक जिला मिलिंग कमेटी के अध्यक्ष व उपायुक्त द्वारा कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए हरियाणा राइस मिलर्स एसोसिएशन के जिला प्रधान व मिलिंग कमेटी के सदस्य सुरेश जिंदल ने बताया कि अलॉटमेंट का काम जारी है।

## बोसवाल में आयोजित रामलीला में पहुंचे भाजपा नेता

# भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर नशे रूपी बुराई को खत्म करने का संकल्प लें युवा

**महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने नशे को समाज के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भगवान श्रीराम ने अपनी शक्ति और धर्म के बल पर बुराई रूपी रावण को खत्म किया था। रावण बुराई और अहंकार का प्रतीक था और उसके वध का अर्थ है बुराई का अंत निश्चित है। आज नशे रूपी रावण ने हमारे समाज को घेर लिया है। रामलीला के अवसर पर हम सभी को इस बुराई के अंत का संकल्प लेना होगा, तभी हम सही मायनों में राम राज्य की कल्पना कर सकते हैं।

यह बात वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नशे के खिलाफ जिले में युद्धस्तर पर अभियान चला रहे महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने गांव बोसवाल में दुर्गा ड्रामाटिक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के 7वें दिन ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। हर साल की तरह इस साल भी गांव बोसवाल में दुर्गा ड्रामाटिक क्लब द्वार रामलीला का धूमधाम से मंचन किया जा रहा है। रामलीला को देखने के लिए गांव के ही नहीं, आसपास के गांवों से भी काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। रामलीला के सातवें दिन हनुमान द्वारा लंका में जाकर बाग उजाडऩे के सीन ने खूब वाहवाही लूटी और लोग मंत्रमुग्ध हो उठे। क्लब के प्रधान पुरूषोतम ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।



**फतेहाबाद।** गांव बोसवाल रामलीला में मुख्यअतिथि भवानी सिंह का स्वागत करते दुर्गा ड्रामाटिक क्लब के सदस्य।

### नकारात्मक विचारों को त्यागने का आह्वान

रामलीला टीम को बधाई देते हुए भवानी सिंह ने कहा कि यह त्योहार हमें अपने अंदर के नकारात्मक विचारों और कर्मों को त्यागने और अच्छाई के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी को समाज और देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने दशहर के दिन हर साल रावण रूपी बुराई को फूंकने का काम करते हैं, लेकिन नशे रूपी बुराई का लगातार बढऩा समाज के लिए चिंता का विषय है। रामलीला से हमें प्रेरणा मिलती है कि अगर बुराई के रास्ते पर चलोगे को विनाश के सिवाय कुछ हाथ नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने समाज को नशे रूपी बुराई से आजाद करवाने के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलाया हुआ है। इसकी शुरूआत गांव बोसवाल में युवाओं की कमेटी गठित करने के साथ हुई थी। आज यह अभियान जिलेभर में फैल चुका है और युवाओं को जागरूक कर इस बुराई से दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारो एक ही मकसद है कि हमारे जो युवा गलत रास्ते पर चले गए हैं, उन्हें वापस समाज की मुख्य धारा में लाना है।

### मन का अहंकार जलाना जरूरी

**सिरसा।** आर्यन स्कूल में दशहरे का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर अनिल गोयल, राकेश गोयल, चारू गोयल व प्रिंसिपल श्वेता महेश्वरी ने स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों के साथ मिलकर रावण के पुतले का दहन किया। इस मौके पर स्कूल डायरेक्टर अनिल गोयल ने सर्वप्रथम सभी को दशहरे के पावन पर्व की बधाई दी। निदेशक ने कहा कि रावण के पुतले की बजाय अपने मन के अहंकार को जलाएं। उन्होंने कहा कि दशहरा अथवा विजयदशमी को असत्य पर सत्य की जीत अथवा बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व कहा जाता है। मगर कभी सोचा है कि इसका अर्थ क्या है? रामलीला में ही नहीं, जीवन के हर अंश में नायक और खलनायक, अच्छे और बुरे आदमी पाएंगे। सिनेमा, स्कूल, नौकरी, व्यापार, परिवार, देश, समाज और दुनिया हर जगह दोनों तरह के लोग हैं। ऐसा लगता जरूर है कि दुनिया में बुरे आदमी की मौज रहती है, सोने की लंका उसी की है, मगर सच ये है कि एक दिन उसका अंत जरूर होता है।



**भूना।** रावण के बनाए गए पुतले के साथ प्रतिभागी विद्यार्थी व प्रधानाचार्य।

### दशहरा पर्व पर 'नकारात्मकता पर सकारात्मकता की जीत' थीम पर कार्यक्रम आयोजित

**भूना।** आदर्श भारती इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में 'नकारात्मकता पर सकारात्मकता की जीत' विषय पर विशेष प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंध निदेशक सुभाष बिश्नोई ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर स्कूल की शिक्षा समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार खिचड़ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल कृष्ण कुमार धारनिया ने की। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित लघु नाटकों की प्रस्तुति से हुई। छात्रों ने श्रीराम के आदर्शों जैसे सत्य, धर्म, नारी सम्मान, भाईचारा और बुजुर्गों के प्रति आदर जैसे मूल्यों को जीवंत किया। साथ ही रावण के अहंकार, लोभ और अन्य सामाजिक बुराइयों को रचनात्मक ढंग से मंच पर प्रस्तुत कर दर्शकों को संदेश दिया।

### रतिया में रामलीला : सीता हरण और बाली वध प्रसंग का हुआ मंचन



**रतिया।** बाबा बंदा सिंह बहादुर स्टेडियम में शक्ति नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के आठवें दिन के पहले सीन में सीता हरण और अंतिम सीन के तहत बाली वध का मंचन किया। आठवें दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर युवा अरोड़वंश वंश सभा के अध्यक्ष डॉ. पीयूष अरोड़ा, पूर्व अध्यक्ष अशोक ग्रोवर, पेट्रोल पंप संचालक विपिन बांसल, पूनम आनंद, नैना देवी लंगर कमेटी के फतेह चंद सरदाना, सुभाष तनेजा,अमन तनेजा द्वारा किया गया राम लीला मंचन के तहत अहंकारी रावण द्वारा मारीच को सुनहरे मृग के रूप में भेजना, सीता का मृग को पाने के लिए राम से आग्रह करना, राम के जाने पर रावण का धोखे से राम की आवाज में लक्ष्मण को बुलाना और फिर लक्ष्मण रेखा खींचकर सीता जी को सुरक्षित कर पंचवटी से जाना-इन सभी घटनाओं को जीवंतता के साथ मंच पर प्रस्तुत किया गया। अवसर का लाभ उठाकर रावण द्वारा सीता का हरण और जटायु का राम को संदेश देने दर्शकों की भावुक कर गया वहीं वन में सीता जी की खोज के दौरान हनुमान से मिलन के बाद सुग्रीव से मुलाकात और सुग्रीव के भाई बाली का वध का भी सीन दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया। रामलीला मंचन का समापन पर शक्ति नाटक क्लब के प्रधान राजेश सेतिया, पंजाबी सभा अध्यक्ष सतीश हांडा, हरबंस खन्ना, डॉ हंसराज मेहता व अन्य मौजूद रहे।

# थानेदार बनकर धमकाया, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

**ग्रामीण शिकायत लेकर एसपी के पहुंचे**

नकली थानेदार बनकर धमकाने के आरोप में गांव चामल निवासी किशन सिंह पुत्र गुरचरण सिंह ने पुलिस अधीक्षक सिरसा को एक शिकायत पत्र सौंपा है। एसपी को दी शिकायत में किशन सिंह ने बताया कि उसने गांव के मनरेगा मैट के खिलाफ शिकायत दी हुई है, जिसकी विभागीय जांच चल रही है। उसने बताया कि शिकायत को लेकर उसे बार-बार धमकाया जा रहा है। इसी कड़ी में 28 सितंबर की सांय करीब 7 बजे अपने आप को राजेंद्र थानेदार बताते हुए उसके मोबाइल पर किसी ने फोन किया। फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आपने जो मनरेगा का काम बंद करवा रखा है, हम लेबर वालों को बोलकर आप के खिलाफ पर्चा दर्ज करवाएंगे और कई तरह की धमकियां दी। इतना ही नहीं कहने लगा कि आपने सारे मजूदरों को घर बैठा रखा है और काम भी नहीं करवा रहे हैं और जो तुम अपना ऑटो चलाते हो उसको भी बंद करवा देंगे। फोन करने वाले व्यक्ति ने उसे 29 सितबंर 2025 को सदर थाने में आने के लिए बोला। जब उसने पूछा कि आप कौन बोल रहे तो उसने कहा कि मैं सदर थाने से राजेंद्र सिंह थानेदार बोल रहा हूं।



**सिरसा।** एसपी ऑफिस शिकायत देने पहुंचे पीड़ित।

# विश्व बंधुत्व का संदेश मानवता का प्रतीक : वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

**सिरसा विवि में विश्व बंधुत्व दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन**

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में विश्व बंधुत्व दिवस पर मंगलवार को विश्वविद्यालय के टैगोर लेक्चर थियटर में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक शिकागो भाषण की स्मृति में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि विश्व बंधुत्व का संदेश पूरे मानव समाज को एक सूत्र में पिरोता है। आज की वैश्विक परिस्थितियों में भाईचारे, सहयोग और आपसी सौहार्द की भावना ही मानवता को आगे ले जा सकती है। शहीद भगत सिंह व स्वामी विवेकानंद मंच स्थापित करने की घोषणा भी इस कार्यक्रम में की गई। मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए शिक्षाविद डॉ अशोक बत्रा ने कहा कि विश्व बंधुत्व दिवस हमें यह सिखाता है कि विभिन्नता में एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज में शांति, सद्भावना और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया।उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन से संबंधित अनेक अनुकरणीय उदहारण देकर युवाओं को उन द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर के जीवन में आगे बढने के लिए विधार्थियों को प्रेरित किया। डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि भाईचारा और बंधुत्व ही स्थायी शांति और प्रगति का आधार है। उन्होंने विवेकानंद के जीवन पर अपने विचार रखे और कहा की जिस प्रकार स्वामी विवेकानंद ने पहले स्वयं को जाना और फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।



**सिरसा।** कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य वक्ता डा. अशोक बत्रा।

### ये बोले कुलपति

स्वामी विवेकानंद केंद्र,कन्यकुमारी से आए लाल बहादुर शास्त्री ने केंद्र के संबंध में जानकारी दी। स्वामी विवेकानंद केंद्र हरियाणा के अध्यक्ष दशरथ चौहान ने बताया की स्वामी का शिकागो का भाषण युवा वर्ग के लिए प्रेरणा के रूप में पेश किया जाता है। उनका यह भाषण युवाओं को आत्मसम्मान, स्वावलंबन, और नैतिक जीवन की ओर प्रेरित करता है। इस कार्यक्रम में डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. सुरेश गहलावत, प्रो. काशिफ किदवई ,प्रो. अशोक शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

# प्रतिभा खोज प्रतियोगिता कला तरंगिणी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

**हर्षदीप, अंशिका व राहुल की टीम ने प्रथम**

राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता कला तरंगिणी का आयोजन करवाया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. हरजिंदर सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में कोई ना कोई प्रतिभा छुपी होती है, विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों में भी सक्रिय भाग लेना चाहिए। महाविद्यालय के लोक संपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि दो दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. कर्मजीत कौर, डॉ. सविता, डॉ. राज सिहाग, डॉ. पूनम सेतिया, डॉ. शोभा के मार्गदर्शन में किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हर्षदीप, अंशिका व राहुल की टीम ने प्रथम, सुशीला, सलोनी व वासुदेव की टीम ने द्वितीय, अर्शदीप, कुसुम व प्रिया की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में अविदीप सिंह ने प्रथम, हिमांशी ने द्वितीय व अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# बीएड कॉलेज में टेलेंट सर्च प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

**कॉर्टूनिंग में अंकिता तो डांस में सोनिका ने पाया पहला स्थान**

एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन फतेहाबाद में दो दिवसीय टेलेंट सर्च प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज में विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की गई। डांस, सिंगिंग, स्पीच कम्पीटिशन, ऑन स्पॉट पेन्टिंग, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, क्विज, कॉर्टूनिंग आदि प्रतियोगिताओं में कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यअतिथि पहुंची महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. नैन्सी चक्रवर्ती ने दीप प्रज्वलित करके किया। कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या ने मुख्यअतिथि का स्वागत किया।









**फतेहाबाद।** बीएड कॉलेज में टेलेंट सर्च प्रतियोगिताओं में भाग लेते विद्यार्थी।

### डांस प्रतियोगिता में बीएड से सोनिका प्रथम

कार्यक्रम इंचार्ज अमनप्रीत कौर ने बताया कि ऑन दा स्पॉट पेन्टिंग प्रतियोगिता में गौरीशंकर प्रथम, सुजाता द्वितीय और निशा तृतीय रही। कॉर्टूनिंग में अंकिता सैनी ने पहला व सरिता ने दूसरा स्थान पाया। क्विज प्रतियोगिता में टीम-सी से कांता, प्रीति रानी व प्रीति ने प्रथम, टीम बी से स्वाति, संगम और विनिता ने द्वितीय तथा टीम डी से गौरीशंकर, लखविन्द्र सिंह व अलवरदीन ने तृतीय स्थान हासिल किया। डांस प्रतियोगिता में बीएड से सोनिका ने शानदार प्रस्तुति देते हुए पहला स्थान पर कब्जा जमाया जबकि सिमरन ने दूसरा तथा सुजाता व जसलीन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान पाया।

# नवोदय विद्यालय ओढ़ा में युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन



**ओढां।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा में 27वीं युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि पूर्व लोकसभा सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी, विशिष्ट अतिथि के रूप में गांव के सरपंच संदीप सिंह, विनोद कुमार प्राचार्य जेएनवी भिवानी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने संसदीय कार्यप्रणाली का जीवंत प्रदर्शन करते हुए लोकसभा की कार्यवाही का अनुकरण किया। विद्यालय के प्राचार्य ललित कालड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि युवा संसद प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, वाद-विवाद कौशल और लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करना है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विपक्ष और पक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभाते हुए विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर प्रभावी चर्चा की। उनके तार्किक विचारों और भाषण कला ने सभी को प्रभावित किया। मुख्य अतिथि ने उद्बोधन में कहा कि युवा संसद जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को लोकतंत्र की जड़ों से जोड़ती हैं। आज आप सभी बच्चों ने जिस उत्साह और गंभीरता से संसदीय कार्यवाही का अनुकरण किया है, वह प्रशंसनीय है।

### श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के स्वरूप महागौरी की आराधना

**रतिया।** मां शीतला मंदिर में चल रही नवरात्रों की विशेष पूजा में आज मां दुर्गा के स्वरूप महागौरी की आराधना की। मां शीतला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सतीश शास्त्री ने बताया आज के दिन मां के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा करने का विधान है। मां की पूजा आराधना करने से मनवांछित फल मिलता है। सुहागन स्त्रियों को सुखद वैवाहिक जीवन का तथा कुंवारी कन्याओं को मनचाहे वर की प्राप्ति होती है। महागौरी की पूजा से पापों नाश होता है। इस दिन मां को सफेद व पीला रंग प्रिय है आठवें महीने में नवरात्रि के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कन्या पूजन के बिना नवरात्रों की पूजा अधूरी है। नवरात्रि की अष्टमी सौभाग्य का प्रतीक मानी गई है। आज भगतजनों ने मंदिर में कन्या पूजन करवाया व पूजा अर्चना की गई व प्रसाद भी बांटा गया। मां शीतला मंदिर में महाअष्टमी के दिन भक्तों ने कन्या पूजन भी किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

## डीसी ने टोहाना, जाखल व कुलां के विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

# सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही सहन नहीं होगी

**उपायुक्त ने सबसे पहले अधिकारियों और कर्मचारियों की हाजिरी चेक की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को टोहाना लघु सचिवालय, बीडीपीओ कार्यालय टोहाना और जाखल, उपतहसील कार्यालय कुलां व जाखल के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों में उपस्थिति रजिस्टर, रिकॉर्ड प्रबंधन, सफाई व्यवस्था और नागरिक सेवाओं की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सबसे पहले अधिकारियों और कर्मचारियों की हाजिरी चेक की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचें और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें। उन्होंने कहा कि देर से कार्यालय में आना या नागरिकों के कार्य में अनावश्यक विलंब करना प्रशासनिक अनुशासनहीनता है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारी कार्यालयों में उपस्थित मिले। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यालयों में लंबित फाइलों और रिकॉर्ड कासमय पर निपटारा करें, जिससे कार्य गति में तेजी आए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी भी ली। उन्होंने अधिकारियों को तहसीलदार रशवेंद्र दुहन, अंजू भाल, डीएफएससी विनीत जैन, डीएमईओ राहुल कुंडू सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



**टोहाना।** सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

### हर नागरिक सम्मान व सहयोग का पात्र

डॉ. विवेक भारती ने कहा कि कार्यालय में आने वाला हर नागरिक सम्मान और सहयोग का पात्र है। इसलिए अधिकारियों को चाहिए कि वे उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनें और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी नागरिक को अपने काम के लिए बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उपायुक्त ने कार्यालयों में स्वच्छता व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि कार्यस्थल स्वच्छ, व्यवस्थित और नागरिकों के अनुकूल वातावरण वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ कार्यालय न केवल कर्मचारियों की कार्यकुशलता को बढ़ाता है, बल्कि नागरिकों पर भी सकारात्मक प्रभाव छोड़ता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने पुराने व अनुपयोगी सामान का शीघ्र निपटान करने के निर्देश दिए ताकि कार्यालयों में अनावश्यक अव्यवस्था न रहे और जगह का उपयोग बेहतर तरीके से किया ज़ा सके।